C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सायं 6:53 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:54 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 62 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरूवार, 22 अगस्त 2024

वे अच्छे-बुरे समय में साथ...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### युवकों पर जानलेवा हमला करने का आरोप

**हल्द्वानी।** अपने दोस्त के साथ घर लौट रहे एक पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया जिसमें उसे गंभीर चोट आई है। आरोप है कि उसे जान से मारने की भी धमकी दी गई है। युवक की पिता की ओर से मामले की तहरीर मुखानी थाना पुलिस को दी गई है। उनका कहना है कि इस मामले की शिकायत लामाचौड़ पुलिस चौकी में भी की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। फुटहिल सिटी कमलुवागांजा निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र पान सिंह ने मुखानी थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 13 अगस्त को उसका पुत्र आदित्य सिंह अपने दोस्त करनप्रीत के साथ उसकी बाइक ठीक कराकर घर को आ रहे थे। केडी कोचिंग क्लासेस बचीनगर के पास वह अपने दोस्तों से बात करने के लिए रूक गए। इसी दौरान वहां 6-7 युवक पहुंच गए और उनसे वहां से जाने के लिए कहने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो वह गाली गलौज पर उतर आए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उनके पुत्र के मुंह में उन युवकों ने तमंचा डालने का भी प्रयास किया। आरोप है कि मारपीट का आरोपी युवक कमल बिष्ट, भानू नयाल व उसके साथी आए दिन लोगों से मारपीट करते रहते हैं।

### दिल्ली में आज और कल ऑटो-टैक्सी चालकों की हड़ताल

**दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के 15 से अधिक ऑटो, टैक्सी चालक संगठनों ने दो दिवसीय संयुक्त हड़ताल की घोषणा की है। दिल्ली-एनसीआर में हड़ताल से ऑटो, टैक्सी और एप आधारित कैब सेवा प्रभावित है। जिस वजह से यात्रियों का भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी में आज और कल आटो टैक्सी चालकों ने हड़ताल का एलान किया है। इसमें 15 से अधिक ऑटो और टैक्सियों के यूनियन शामिल हैं। हड़ताल करने वाले संगठनों का आरोप है कि एप आधारित कंपनियां उनका शोषण कर रही हैं।

## द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ बनाना है प्रधानमंत्री मोदी का पोलैंड दौरा

नई दिल्ली
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 से 22 अगस्त तक पोलैंड की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री मोदी का पोलैंड के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात का कार्यक्रम है। इन बैठकों का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ बनाना है। पोलैंड मध्य और पूर्वी यूरोप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक और निवेश साझेदार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय पोलैंड यात्रा पर राजधानी वारसॉ में हैं। पीएम मोदी 21 और 22 अगस्त को यूरोपीय देश की यात्रा पर हैं। इसके बाद 23 अगस्त को पीएम मोदी युद्धग्रस्त यूक्रेन का दौरा करेंगे। पोलैंड मध्य यूरोप में भारत का अहम व्यापारिक साझेदार है। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह 45 साल बाद पहली पोलैंड यात्रा है। वारसॉ पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने अपनी यूक्रेन यात्रा से पहले बुधवार को कहा कि भारत अशांत क्षेत्र में शांति का समर्थक है। उन्होंने दोहराया कि यह युद्ध का समय नहीं है और किसी भी संघर्ष का समाधान कूटनीति और बातचीत के जरिए किया जाना चाहिए। भारत के प्रधानमंत्री की यह यात्रा पोलैंड और भारत के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ पर हो रही है। किसी भारतीय पीएम की पोलैंड की पिछली यात्रा 45 साल पहले 1979 में हुई थी। उस वक्त मोरारजी देसाई पोलैंड आए थे। इससे पहले जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने भी इस यूरोपीय देश का दौरा किया था।




**23** अगस्त को पीएम मोदी युद्धग्रस्त यूक्रेन का दौरा करेंगे

**70** वीं वर्षगांठ पर पोलैंड और भारत के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना

विधानसभा सत्र का दूसरा दिन

## कानून व्यवस्था पर विपक्ष का हंगामा सदन के बाहर धरने पर बैठे विधायक

देहरादून/लैंसडाउन
हमारे संवाददाता

लैंसडाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप रावत ने पर्वतीय क्षेत्रों में गुलदार के आतंक को लेकर विधानसभा के बाहर सांकेतिक प्रदर्शन किया।

गैरसैंण में उत्तराखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन आज विपक्ष ने कानून व्यवस्था समेत अन्य कई मुद्दों को धार देकर सदन के बाहर सरकार को घेरा। केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा के बाहर सीडीओ में प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेताओं ने पूंजी पत्तियों के खिलाफ और सेबी प्रमुख के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की। प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, विधायक भुवन कापड़ी, विधायक ममता राकेश, विधायक सुमित हृदयेश, आदेश चौहान समेत सभी विधायक मौजूद रहे।

लैंसडाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिलीप रावत ने पर्वतीय क्षेत्रों में गुलदार के आतंक को लेकर विधानसभा के बाहर सांकेतिक प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि वन नीति के लिए एक दिन का विशेष विधानसभा सत्र बुलाया जाए। उधर, विपक्ष की ओर से कानून व्यवस्था पर नियम 310 के तहत काम रोको प्रस्ताव लाया जाएगा, जिससे सदन की कार्यवाही हंगामेदार रहने के आसार है। बुधवार को सत्र के पहले विपक्ष के तेवर नरम दिखे। दिवंगत विधायकों के निधन पर शोक प्रकट करने से विपक्ष ने शांत रहा।

लेकिन, दूसरे दिन विपक्ष ने सरकार को कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य के मुद्दे पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है, जबकि सदन के बाहर भी कांग्रेस विधायक केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने और पूंजीपतियों को संरक्षण देने पर केंद्र सरकार के विरोध में प्रदर्शन करेंगे।




## बम की धमकी के बाद तिरुवनंतपुरम में उतरा एयर इंडिया का विमान

नई दिल्ली
एजेंसी

**हड़कंप**
- मुंबई से भरी थी उड़ान, 135 यात्री थे सवार

मुंबई से आ रहे एयर इंडिया के एक विमान में गुरवार को बम होने की धमकी मिली। इसके बाद तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर दी गई।

हवाई अड्डे से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, विमान सुबह करीब आठ बजे हवाई अड्डे पर उतरा। इसमें 135 यात्री सवार थे और विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि सुबह आठ बजकर 44 मिनट तक यात्रियों को विमान (AI657) से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। विमान के तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे के पास पहुंचने पर पायलट ने बम की धमकी मिलने की जानकारी दी। एयरपोर्ट को सुबह साढ़े सात बजे मामले से अवगत कराया गया। इसके बाद सुबह सात बजकर 36 मिनट पर हवाई अड्डे पर पूरी तरह से आपात स्थिति घोषित कर दिया गया।




## आज प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

देहरादून
हमारे संवाददाता

मौसम वैज्ञानिकों ने हिदायत देते हुए कहा, पर्वतीय जिलों में तेज बारिश के दौरान दिन के साथ रात के समय भी सतर्कता के साथ रहें।

आज उत्तराखंड में मौसम खराब बना हुआ है। बागेश्वर में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, देहरादून, चमोली, नैनीताल, पिथौरागढ़ में येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मसूरी में भारी बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के बाद शहर में घना कोहरा छाया है। बारिश के बाद पिक्चर पैलेस में भारी भरकम पुश्ता ढह गया। जिससे कई घंटे बाद आवाजाही शुरू हुई। वहीं, किमाड़ी-मसूरी मार्ग पर भी भूस्खलन से कई जगह रास्ता बंद है।



कर्णप्रयाग में बुधवार देर रात से तेज बारिश जारी है। बारिश के चलते कर्णप्रयाग नैनीसेन मार्ग आईटीआई के पास बंद हो गया है। यहां पहाड़ी से भारी मात्रा में भूस्खलन होने से मलबा आया है, जिससे घरों को भी नुकसान पहुंचा है।

## अगर डॉक्टर काम पर नहीं लौटेंगे तो सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचा कैसे काम करेगा

नई दिल्ली
एजेंसी

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हुई हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। इससे पहले सीबीआई और कोलकाता पुलिस ने सीलबंद लिफाफे में अपनी स्थिति रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी।

मामला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच के पास है। इसमें जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बीती 20 अगस्त को मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डॉक्टर्स समेत स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों को काम पर लौटने दें और एक बार जब वे ड्यूटी पर लौट आएंगे तो अदालत अधिकारियों को उन पर कार्रवाई न करने के लिए मनाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर डॉक्टर काम पर नहीं लौटेंगे तो सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचा कैसे काम करेगा। दरअसल, सुनवाई के दौरान एम्स नागपुर के रेजिडेंट डॉक्टर्स ने कहा कि उनके विरोध के कारण अब उन पर हमला किया जा रहा है। उन्हें परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इस पर सीजेआई ने कहा कि अगर वे ड्यूटी पर हैं तो उन्हें अनुपस्थित नहीं माना जाएगा और अगर वे ड्यूटी पर नहीं हैं तो कानून का पालन किया जाएगा। उन्हें पहले काम पर लौटने के लिए कहें। कोई भी डॉक्टर के खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं करेगा। अगर उसके बाद कोई परेशानी होती है तो हमारे पास आएं, लेकिन पहले उन्हें काम पर लौटने दें।



## नैनीताल में हस्ताक्षर अभियान चलाया

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कोलकाता समेत देश के अन्य राज्यों में तेजी से बढ़ रही महिला उत्पीड़न की घटनाओं को बेहद गंभीरता से लेते हुए अखिल भारतीय महिला परिषद की ओर से इन दिनों नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

परिषद के मुताबिक बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी हस्ताक्षर अभियान चलाया। परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी समेत सावित्री सनवाल,पार्वती मेहरा,मंजू कोटलिया द्वारा सिविल कोर्ट में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया वहीं निवर्तमान पालिका सभासद गजाला कमाल समेत मीनू बुलाकोटी, अमीता साह तथा पूर्व सभासद दया बिष्ट ने तिब्बती बाजार व पंत पार्क में हस्ताक्षर अभियान चलाया,इस दौरान तिब्बती महिला संगठन ने भी परिषद के हस्ताक्षर अभियान को पूरा समर्थन दिया। इसके साथ ही परिषद की सचिव प्रीति शर्मा समेत नंदनी पंत तथा गीता द्वारा पिपरिया क्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।



# धूमधाम से मनाया केएमवीएन का स्थापना दिवस





नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल विकास निगम के स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को पर्यटक आवास गृह भीमताल में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस मौके पर संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने निगम के सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्थापना दिवस पर महासंघ द्वारा पौधारोपण के साथ स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि भीमताल पर्यटक आवास गृह परिसर में कुमायूं आयुक्त दीपक रावत, प्रबंध निदेशक कुमाऊं मंडल विकास निगम डॉ. संदीप तिवारी तथा महा प्रबंधक विजय नाथ शुक्ल ने संयुक्त रूप से पौधा रोपण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की।

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने दिनेश गुरुरानी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत किये जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम की सराहना की। गुरुरानी ने कहा कि पर्यटक आवास गृह भीमताल परिसर में 49वें स्थापना दिवस के अवसर पर उन 49 पौधों का रोपण किया गया।

वहीं कुमाऊं मंडल विकास निगम की सभी इकाइयों के परिसर में प्रति इकाई 10 पौधे के रोपण के साथ कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजाति के 2000 पौधों का रोपण का रिकॉर्ड बनाया और वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया।

निगम के कर्मचारियों के अतिरिक्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी पौधारोपण किया। कार्यक्रम में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला समेत गौतम कुमार, पीतांबर दुमका, तारा दत्त भट्ट, भुवन पाटनी, संजय कुमार, नरेंद्र सिंह तथा नरेंद्र थापा सहित निगम कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

## नैनी झील में गिरकर डूबने से अधेड़ की मौत

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में बुधवार को नैनी झील में गिरकर डूबने से अधेड़ की मौत हो गई। शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को अपराह्न दो बजे ठंडी सड़क में नैनी झील के किनारे एक व्यक्ति बैठा था। इस दौरान वह अचानक झील में गिर गया। अधेड़ को झील में गिरता देख लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस व स्थानीय लोगों ने अधेड़ को नैनी झील से निकाल लिया लेकिन तब तक अधेड़ बेहोश हो चुका था, जिसके बाद पुलिस बेहोश अधेड़ को अपने ही वाहन में राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। पूछताछ में अधेड़ व्यक्ति की शिनाख्त नैनी विहार रामपुर रोड हल्द्वानी निवासी हेमन्त जोशी (50) के रूप में हुई है, जो पूर्व में तल्लीताल क्षेत्र में किराए में भी रहा करते थे। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि हेमंत जोशी के किसी कार्य के लिए नैनीताल आने की जानकारी मिली है। फिलहाल पूछताछ की जा रही है।



# करन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्री ने लांच की सिट्रोएन बसॉल्ट

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

करन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्री के गोरापड़ाव स्थित प्रतिष्ठान में सिट्रोएन बसॉल्ट लांच की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महोदय पूर्व में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट उपस्थित रहें, कार्यक्रम में करन रुप ऑफ इंडस्ट्री के चेयरमैन अशोक पाल सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अजय भट्ट का स्वागत किया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सिट्रोएन बसॉल्ट के लांच कार्यक्रम में पूर्व मंडी परिषद अध्यक्ष गजराज सिंह बिष्ट, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्या, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री प्रकाश हर्बोला, नैनीताल दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, सचिन साह, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा शशांक रावत, अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्या, जिला महामंत्री प्रतिभा जोशी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अल्का जीना, जिला महामंत्री महिला मोर्चा पूनम जोशी, हरिमोहन अरोड़ा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। करन ग्रुप के सीएमडी विक्रम सिंह, सीईओ उत्तम सिंह सूर्या एवं सेल्स मैनेजर हेम पंत ने उपस्थित लोगों को सिट्रोएन बसॉल्ट के फिचर्स के विषय में विस्तार से जानकारी दी। करन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्री की डायरेक्टर विजया लक्ष्मी चौहान ने सिट्रोएन बसॉल्ट के लांच कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों को अपना कीमती समय देकर लांच कार्यक्रम में शामिल होने एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिल से धन्यवाद दिया।

# राजकीय पॉलिटेक्निक में नशामुक्ति संबंधी कार्यशाला का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राजकीय पॉलिटेक्निक में नशा मुक्ति संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। बता दें कि कार्यशाला में मुख्य रूप से मदन मेहरा जिला कार्यक्रम प्रबन्धक कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल एवं हरेन्द्र कठायत सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दोनों वक्ताओं द्वारा कार्यशाला में छात्र/ छात्राओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने एवं नशे के दुष्परिणाम के बारे में अवगत कराया गया। दोनो वक्ताओं द्वारा स्वच्छता एवं बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों से बचे रहने संबंधी उपायों पर भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्रधानाचार्य एकेएस गौड़ द्वारा भी छात्र-छात्राओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने एवं उसके दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य द्वारा विद्यार्थियों को पठन-पाठन के अतिरिक्त अपने व्यक्तित्व का विकास कैसे करेंए के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर सुभाष चंद्र पांडे के द्वारा मंच संचालन का कार्य किया गया।



## NEWS / फटाफट

### वरिष्ठ नागरिक दिवस पर बुजुर्गों ने प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा



**हल्द्वानी ।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष सुबीर कुमार के मार्गदर्शन एवं सचिव बीनू गुलियानी के निर्देशन में पैरालीगल वालंटियर उमा भंडारी ने सुनिधि विकास संस्था के संयुक्त सहयोग से विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस शीशमहल रामलीला ग्राउंड में स्थानीय सम्मानित वरिष्ठ नागरिकों के साथ हर्षोल्लास से मनाया। इस दौरान अंताक्षरी प्रतियोगिता, गीत, भजन, शगुन आखर आदि के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी प्रतिभा दिखाई और मनोरंजन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान स्वरूप शॉल, डायरी, पेन इत्यादि का वितरण किया गया। इस मौके पर हरीश पांडे, गिरीश तिवारी, रमेश कांडपाल, अंजू जोशी, उमा भंडारी, दीप्ति भगत, नीलम तिवारी, उमा गढ़िया, भावना पोखरिया आदि मौजूद थे।

### ऑनलाइन बियर मंगाने के चक्कर में युवक से ठगी

**नैनीताल ।** ऑनलाइन बियर मंगाने के चक्कर में एक पर्यटक को नैनीताल में ठगी का शिकार होना पड़ा। युवक ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार लखनऊ निवासी यसबीर नैनीताल घूमने पहुंचा था। बीते मंगलवार की शाम उसने बियर मंगाने के लिए ऑनलाइन नम्बर की जांच की। इंटरनेट पर एक नम्बर खोजने के बाद उसने एक व्यक्ति को कॉल कर ऑनलाइन शराब आर्डर की। इस दौरान उक्त व्यक्ति ने उसको 1260 रुपये ऑनलाइन भेज दिये। उक्त व्यक्ति की ओर से बहाने बनाकर चार बार पैसे डलवाये गए लेकिन शराब की डिलीवरी नहीं की। जिसके बाद पर्यटक को ठगी का अहसास हुआ लेकिन तब तक वह 5130 रुपये ऑनलाईन भेज चुका था। जिसके बाद पर्यटक शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गया। मामले में एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

# ग्राफिक एरा ग्रुप के अध्यक्ष प्रो. कमल घनशाला को सम्मानित किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

रीतिका जिनको कुश्ती में हैवी वेट वर्ग में पात्रता प्राप्त करने वाली पहली भारतीय महिला होने का गर्व प्राप्त है का बुधवार को ग्राफिक एरा ग्रुप के अध्यक्ष प्रो. कमल घनशाला द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रो. घनशाला ने कुमारी रीतिका को दो लाख इक्यावन हजार (2,51,000) का चैक भेंट किया व भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनायें दीं। सम्मान प्राप्त करने के बाद रीतिका ने कहा कि वो पेरिस पूरी तैयारी के साथ गई थीं लेकिन शायद वह दिन उनका नही था और वह पदक ना ले पायीं लेकिन उन्होंने कहा कि वो अभ्यास करती रहेंगी और अगली प्रतियोगिता में जरूर पदक लायेंगी।

ग्राफिक एरा के छात्र छात्राओं से अपने अनुभव साझा किये और कहा कि विद्यार्थी अपनी रूचि के अनुसार खेलों में भी प्रतिभाग करते रहें जिससे उनके मानसिक विकास के साथ.साथ शारिरक विकास भी हो सके विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम एवं लगन की आवश्यकता है। प्रो. घनशाला ने अपने सम्बोधन में कहा कि ग्राफिक एरा सदैव भारत को गौरव दिलाने वालों का सम्मान करता रहा है और उनके छात्र छात्राओं को उनसे प्रेरणा मिलती रही है। नौसेना के कुश्ती कोच कुलदीप सिंह ने श्री घनशाला को भारतीय नौसेना की तरफ से आभार व्यक्त करते हुए बताया की नौसेना के कुश्ती दल के सदस्य हर साल ग्राफिक एरा के भीमताल परिसर में हाई एल्टीट्यूड कुश्ती का परीक्षण लेने आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यहाँ उनको और सभी सदस्यों को हर सुविधा प्रदान की जाती है। भीमताल परिसर में हाई एल्टीट्यूड कुश्ती प्रशिक्षण बहुत महत्व रखता है और कई खिलाड़ी इस प्रशिक्षण के बाद राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर पाते हैं। परिसर में कई ऐसे खिलाडिय़ों ने प्रशिक्षण लिया है जिनको अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त हुये हैं।




# दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी कौन लेगा: मोहन खेड़ा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



**सड़क हादसे में चार की गई जान, अंडरपास बनाने की उठाई मांग**

भूरारानी के निवर्तमान पार्षद मोहन खेड़ा ने कहा कि रुद्रपुर में आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं और बीते दिवस जिस प्रकार से सड़क हादसे में चार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी वह बेहद दर्दनाक है।

उन्होंने कहा कि ऐसी दुर्घटनाओं की जिम्मेदारी कौन लेगा।जारी बयान में खेड़ा ने कहा कि गत दिवस एक सड़क हादसे में एक गर्भवती महिला समेत चार की मौत हो गई जो दिखाता है कि स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की ओर से घोर लापरवाही की गई है उन्होंने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा यदि मध्य रात्रि जिला अस्पताल के चिकित्सक उसे महिला को वापस नहीं भेजते तो यह सड़क हादसा नहीं होता उन्होंने कहा कि सड़क हादसे से पूर्व मृतकों के परिजनों ने लगातार 108 एंबुलेंस को फोन किया ,लेकिन 108 एंबुलेंस ने फोन नहीं उठाया। यदि 108 एम्बुलेंस वहां पहुंच जाती तो यह भीषण सड़क हादसा नहीं होता। उन्होंने कहा की लंबे अरसे से अंडरपास बनाए जाने की मांग की जा रही है लेकिन जिला प्रशासन बेवजह अंडर पास निर्माण कार्य को रोके हुए है, क्योंकि अंडरपास बनने के कारण जिला अस्पताल, कलेक्ट्रेट, आदि की दूरी बहुत कम हो जाती है अंडरपास ना बनने के कारण भूरारानी से जिला अस्पताल या ज़िला मुख्यालय में आने के लिए कई किलोमीटर घूम के आना पड़ता है। उन्होंने कहा की जिला प्रशासन जल्द अंडरपास का निर्माण करायें और सड़क हादसों पर अंकुश लगाए अन्यथा कांग्रेस आन्दोलन को बाध्य होगी।

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## गलती से सबक

***हिन्दुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। मंदिरों को तोड़ा गया। यह कोई नई बात नहीं है। वर्ष 1992 में अयोध्या में बाबरी ढांचा ढहाये जाने पर बांग्लादेश में मंदिरों को तोड़ा गया और हिन्दुओं पर हमले हुए थे। अफसोस यह है कि भारत के तथाकथित सेक्युलर भाईचारा और भाई-भाई का राग अलापना नहीं भूले। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे सटीक टिप्पणी की है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो समाज इतिहास की गलतियों से सबक नहीं सीखता है, उसके उज्ज्वल भविष्य पर भी ग्रहण लगता है। सच यही है कि हमने इतिहास से सबक नहीं सीखा है।***

बांग्लादेश में सत्ता पलट और हिंसा से पूरी दुनिया के लोग प्रतिक्रिया प्रकट कर रहे हैं। हिंसा की रूह कंपा देने वाली घटनाएं सामने आ रही हैं। हिन्दुओं को चुन-चुनकर निशाना बनाया गया। मंदिरों को तोड़ा गया। यह कोई नई बात नहीं है। वर्ष 1992 में अयोध्या में बाबरी ढांचा ढहाये जाने पर बांग्लादेश में मंदिरों को तोड़ा गया और हिन्दुओं पर हमले हुए थे। अफसोस यह है कि भारत के तथाकथित सेक्युलर भाईचारा और भाई-भाई का राग अलापना नहीं भूले। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे सटीक टिप्पणी की है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो समाज इतिहास की गलतियों से सबक नहीं सीखता है, उसके उज्ज्वल भविष्य पर भी ग्रहण लगता है। सच यही है कि हमने इतिहास से सबक नहीं सीखा है। समुदाय विशेष के बाहुल्य वाले मुल्कों की घटनाओं पर हिन्दुओं ने कभी हिंसक प्रतिक्रिया नहीं की। जबकि भारत के समुदाय विशेष के लोग यहां हर सुविधा भोगते हैं और ईराक पर अमेरिकी हमले पर प्रतिक्रिया करते हुए सद्दाम हुसैन के चित्र लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, जबकि सद्दाम हुसैन ने उनके लिए कुछ भी नहीं किया था। सब्जी बेचने वाले सद्दाम हुसैन का बड़ा चित्र लगाकर उसे माला पहना रहे थे। रातों रात लाखों की संख्या में सद्दाम हुसैन के चित्र पूरे देश के कोने-कोने में कैसे पहुंच गये यह भारत के खुफिया तंत्र की नाकामी थी। भारत में कोई भी पार्टी चुनाव में पराजित हो जाती है तो उसके नेता व कार्यकर्ता पर हमला नहीं होता। संसद व विधानसभा में विपक्षी सदस्य सम्मान के साथ बैठते हैं, लेकिन बांग्लादेश में आवामी लीग के कई नेताओं को जिंदा जला दिया गया। समुदाय विशेष के लोग सत्ता और विपक्ष दोनों पार्टियों में हैं। बांग्लादेश को जन्म देने वाले राष्ट्रपिता बंगबंधु मुजीबुर्रहमान की मूर्ति तोड़ दी। मुजीबुर्रहमान पर फिल्म बनाने वाले फिल्मकार व उनके पुत्र को पीट-पीटकर मार डाला। भारत में किसी भी पार्टी की सरकार बने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सम्मान बरकरार है। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर जुल्म हो रहे हैं, परन्तु भारत के हिन्दुओं ने अनावश्यक प्रतिक्रिया करके समुदाय विशेष के खिलाफ कुछ नहीं किया। दुनिया में समुदाय विशेष के जितने भी देश हैं, उनमें हिंसा होती रहती है। भारत में समुदाय विशेष चाहता है कि यहां भी हिंसा हो, लेकिन बहुसंख्यक हिन्दू सहिष्णुता और सद्भाव का परिचय देते हैं। समुदाय विशेष की हरकतों पर भी प्रतिक्रिया नहीं करते हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले और मंदिर तोड़ने पर यदि भारत के हिन्दू प्रतिक्रिया करें तो समुदाय विशेष को भारी पड़ जायेगा।

# सत्र के आरंभ पर विशेष संवाद का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने बुधवार को विश्वविद्यालय के नवीन सत्र 2024-25 के आरंभ पर विशेष संवाद का आयोजन किया। इस संवाद में विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों तथा प्राध्यापकों और अतिथि शिक्षकों ने भाग लिया।

बता दें कि संवाद का मुख्य मकसद विश्वविद्यालय में शिक्षण गुणवत्ता को बेहतर बनाना, नवाचार के प्रयोग को बढ़ावा देना और विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सुधार लाना था। कुलपति प्रो. रावत ने डीएसबी परिसर के ए.एन. सिंह प्रेक्षागृह में उपस्थित प्राध्यापकों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि शिक्षण का स्तर सुधारने के लिए सभी शिक्षकों को न केवल अपने विषयों में दक्षता हासिल करनी होगी बल्कि नए-नए शैक्षिक नवाचारों को भी अपनाना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षण में गुणवत्ता का महत्व सर्वोपरि है और इसे बनाए रखने के लिए हमें लगातार प्रयासरत रहना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की राष्टीय एवं अंतरराष्टीय रैंकिंग में सुधार तभी संभव है जब हम अपने शिक्षण के स्तर को अंतरराष्टीय मानकों के अनुरूप बनाएं। हमें अपनी शिक्षा प्रणाली में नवाचारों का समावेश करना होगा और छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना होगा। प्रो. रावत ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों को छात्रों के साथ व्यक्तिगत संवाद को बढ़ावा देना चाहिए ताकि वे उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझ सकें और उन्हें शिक्षा के प्रति अधिक प्रेरित कर सकें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि केवल विषय के ज्ञान को देना पर्याप्त नहीं है बल्कि छात्रों में सोचने-समझने की क्षमता और नवाचारी दृष्टिकोण विकसित करना भी आवश्यक है।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. रावत ने सभी शिक्षकों से यह अपेक्षा की कि वे अपने शिक्षण कार्य में नवाचारों को शामिल करें और छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए तैयार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, साथ ही उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे नए शोध प्रकल्पों पर काम करें। उच्च स्तरीय शोध पत्र प्रकाशित करें और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने एनईपी पाठ्यक्रम को संशोधित करने पर जोर दिया और कहा कि यह राष्ट्रीय मानक का होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी शिक्षकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि कुमाऊँ विश्वविद्यालय की सफलता में सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण है और यह विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर ले जाने में सहायक होगा। कुलपति प्रो. रावत के इस संवाद ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों को न केवल प्रेरित किया बल्कि उन्हें अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक किया।

इससे पूर्व परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत तथा मुख्य कुलानुशासक प्रो. एच0सी0एस0 बिष्ट समेत प्रो. जीत राम द्वारा कुलपति प्रो. रावत का पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत द्वारा कुलपति प्रो. रावत का आभार व्यक्त किया गया।

## ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल।** खंड शिक्षा अधिकारी धारी के कार्यालय में नवाचारी क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट की पहल पर ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का प्रारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल बिष्ट ने दीप प्रज्वलित करके किया। पहली बार उनके द्वारा फिजिकल एक्ससाइज के साथ ही मेन्टल एक्ससाइज को भी महत्वपूर्ण मानते हुए इस प्रतियोगिता को प्रारम्भ किया।

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है पर्वतीय भूमिहीन समिति हल्द्वानी का पूर्व में पता म.नं.1 प्रगतिविहार, बरेली रोड, पुरानी आईटीआई, हल्द्वानी नैनीताल था जो अब वर्तमान में पता परिवर्तित हो गया है। जिस किसी को आपत्ति हो वर्तमान पता सीएमटी कॉलोनी, गली नं.6 डहरिया, मुखानी, हल्द्वानी, जिला जिला नैनीताल इस पते पर संपर्क करें।

**-श्रीमती बीना पाण्डे, अध्यक्ष, पर्वतीय भूमिहीन समिति**

# आरक्षण में क्रीमीलेयर/वर्गीकरण को लागू न किए जाने पर राज्यपाल व सीएम को भेजा ज्ञापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



शिल्पकार सभा की ओर से जिला प्रशासन के माध्यम से बुधवार को एक ज्ञापन देश की राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के साथ ही उत्तराखंड के राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री को भेजा गया। ज्ञापन के माध्यम से शिल्पकार सभा ने अनुसूचित जाति व जनजाति के आरक्षण में क्रीमीलेयर/वर्गीकरण को लागू न किए जाने की मांग प्राथमिकता से की गयी।

ज्ञापन में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय ने एसी-एसटी के आरक्षण के तहत वर्गीकरण तथा क्रीमी लेयर लागू करने का फैसला लिया है, इस निर्णय पर अविलम्ब रोक लगाया जाए क्यों कि इस निर्णय से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग आहत हैं। कहा कि संविधान की धारा 341 तथा 342 में सामाजिक तथा शैक्षिक रूप से पिछड़े चर्गों के लिए आरक्षण का प्राक्यान सुनिश्चित किया गया था जिसे क्रीमीलेयर एवं उपवर्गीकरण के आधार पर लागू नहीं किया जा सकता है। कहा कि प्रत्येक राज्य में बैकलाग के पद कई वर्षों से रिक्त पड़े हैं उन रिक्त पदों को विशेष अभियान चलाकर भरने हेतु राज्य सरकारों को आदेशित किया जाए।

कहा कि अनुसूचित जाति तथा अनुसूक्ति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 को पूर्व की भाँति लागू कर इन वर्गो पर हो रहे अन्याय तथा अत्याचारों पर रोक लगायी जाए। कहा कि राष्ट्रीय न्यायिक आयोग का गठन कर इस आयोग के द्वारा ही सुप्रीम कोट के जजो की नियुक्ति की जाए और कॉलेजियन सिस्टम को खत्म किया जाए साथ ही अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को संविधान की 9 वीं अनुसूचि में शामिल किया जाए। ज्ञापन देने वालों में शिल्पकार सभा के प्रतिनिधि क्रमशः रमेश चंद्र आर्य, देवेंद्र प्रकाश,गिरीश चंद्र, एन.आर.आर्या, रमेश चंद्रा,संजय कुमार संजू, राजेंद्र प्रसाद, मनोहर राम, बच्ची चन्द्र, अनिल कुमार,इंद्र कुमार तथा राजेश लाल शामिल थे।

# फिल्मी दुनिया

## वे अच्छे-बुरे समय में साथ रहते हैं, तापसी ने की स्टार किड्स की प्रशंसा



*बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म खेल खेल में और फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक महीने में अभिनेत्री की दो फिल्में रिलीज हुई हैं। इसके अलावा अभिनेत्री अपनी निजी लाइफ को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में अभिनेत्री ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में इनसाइडर-आउटसाइडर विवाद पर अपनी राय रखी है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। फिल्म इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद पर बहस जारी है और कई लोग यह कह रहे हैं कि कुछ बड़े परिवारों के कारण बॉलीवुड बाहरी लोगों के लिए सही जगह नहीं है, लेकिन अभिनेत्री तापसी पन्नू इस विषय पर अलग राय रखती हैं। अभिनेत्री ने एएनआई के साथ एक साक्षात्कार में बी-टाउन में इनसाइडर-आउटसाइडर बहस के बारे में अपनी राय साझा की है। तापसी ने कहा, मैं आपको बताऊंगी, शायद यह बहुत से लोगों से अलग राय है। एक चीज जो उन लोगों के बारे में अच्छी है, जिनके माता-पिता या भाई-बहन या इंडस्ट्री में कोई और परिवार का सदस्य है। आप जानते हैं, भाई-भतीजावाद वाले लोग जो इंडस्ट्री में आए हैं, वे नेपोटिज्म के एक चैन हैं। एक बहुत अच्छी चीज जो मैंने उनसे सीखी है, वह है एक साथ रहना और एक-दूसरे का समर्थन करना। अभिनेत्री का कहना है कि यह खूबी कुछ ऐसी है, जो हममें से बहुत से बाहरी लोगों में उतनी नहीं है, जितनी हमारे पास है, जितनी उनके पास एक-दूसरे के लिए है।*

### नेपो किड्स ऐसा नहीं करते

*अभिनेत्री ने बताया कि कैसे इंडस्ट्री में बाहरी लोग एक-दूसरे के साथ असुरक्षित महसूस करते हैं, जबकि इंडस्ट्री के नेपो किड्स ऐसा नहीं करते। तापसी ने कहा, मैंने जो एकता देखी है कि वे एक-दूसरे की सिफारिश करेंगे या एक-दूसरे के लिए खड़े होंगे या एक-दूसरे के लिए मौजूद रहेंगे, यह मेरा व्यक्तिगत अनुभव है। मैंने देखा है कि उनके पास हमसे ज्यादा है। वह हर अच्छे-बुरे समय में एक साथ रहते हैं।*

# नगर निकाय कर्मचारी महासंघ के कैलाश अध्यक्ष व रमेश मंत्री बने

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नगर निकाय कर्मचारी महासंघ शाखा हल्द्वानी की बैठक में कार्यकारिणी का चुनाव कराया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से कैलाश चंद्र उपाध्याय को कार्यवाहक अध्यक्ष, रमेश चंद्र जोशी को कार्यवाहक मंत्री, प्रियंका को कार्यालय मंत्री बनाया गया।

साथ ही भगवती, किरन पांडे, हेमा डंगवाल, तनुजा, चंदन सिंह अधिकारी व वंदना को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार राजौर, ललिता सनवाल, अफरोज जहां, भूपाल सिंह अनेरिया, हर प्रसाद, चंदन सिंह सिजवाली, विनोद जोशी आदि मौजूद थे।



# अच्छे स्वास्थ्य के लिये मोटा अनाज लाभकारी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा मोटे अनाज को अन्न का नाम देकर विश्व पटल पर स्थापित किया जा चूका हैं। माननीय प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी ने मोटे अनाजों के द्वारा होने वाले स्वास्थ लाभों से प्रेरणा पाकर अभ्युदय एक परिवर्तन संस्था द्वारा मधुबन बैंक्विट हॉल में मोटे अनाज को प्रोत्साहित करने के लिए सरहानीय कार्यक्रम किया गया। नमन महाराज , नरेन्द्र सिंह मेहरा, संस्था के संरक्षक भुवन जोशी, संस्था के अध्यक्ष विनोद तिवारी, गजराज सिंह बिष्ट, नवीन वर्मा, डा0 जोगेंद्र पाल रौतेला ने दीप प्रवजलन



कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। संस्था के संरक्षक भुवन जोशी ने कहा आजकल स्वास्थ्य मुख्य मुद्दा बन चुका है, और यह हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। मोटा अनाज अच्छे स्वास्थ्य का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है,एवं आपका उत्तम आहार हैं, अपने आहार में मोटे अनाज का उपयोग करके हम और आप अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं, अगर हम बात करें मिलेट्स की जिन्हें हम 'सुपर ग्रेन्स' के रूप में जानते है, इसी कड़ी में अभ्युदय एक परिवर्तन संस्था एक कदम आगे बढ़ते हुए मिलेट्स की उपयोगिता और लोगों को इससे रूबरू कराने के लिए आज टेस्ट आफ मिलेट्स कार्यक्रम कर रहा है, जिसमे मोटे अनाज जैसे मक्का, मडुवा, बाजरा, झूंगर, आदि व्यंजनों के लाभों को लोगों के समक्ष रखा गया हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग इसके स्वाद के साथ इसके लाभों से भी अवगत हो सकें और उत्तराखंड के मिलेट्स कार्यक्रम को एक नई दिशा मिल सकें, मिलेट्स (मोटे अनाजों) में विटामिन, मिनरल्स, प्रोटीन, और फाइबर का अच्छा स्रोत होते हैं। तथा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी लगातार मोटे अनाजों के प्रति सजकता पूर्वक इसके लाभों से जनता को अवगत करा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके, यह सीजन मक्के का है, इसलिए आज इस कार्यक्रम में मक्के से बनने वाले व्यंजनों का स्वाद और मोटे आनाज की उपयोगिता को लोग जान पाएंगे, और इस कार्यक्रम का उद्देश्य नयी पीढ़ी को जागरूक करना और मोटे अनाज को बाजार में नया स्थान मिल सके इसको लेकर यह कार्यक्रम किया जा रहा हैं, मिलेट्स को व्यापार की अग्रिम पंक्ति में लाना है ताकि लोग माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिलेट्स (स्वाद, स्वास्थ्य और रोजगार) कार्यक्रम से जुड़ सके। कार्यक्रम में संजय दुमका, विनीता जोशी , मुन्नी बिष्ट, भुवन तिवारी, नीरज बिष्ट, भुवन भट्ट, कोनाल गोस्वामी, गोपाल भट्ट, हेमा चौहान, शीतल भट्ट, भावना साह, हिमांशु मिश्रा, प्रेमा बिष्ट, विनीत पाण्डे, शशी जैन,हिमांशु नैनीवाल एवं आदि शहर के सभी गणमान्य व्यक्तियों सहित आम लोग उपस्थिति थे।

## News कॉर्नर

### खेल मैदान पर मेला लगाने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**अल्मोड़ा।** एसएसजे परिसर के सिमकनी मैदान में मेला आयोजन का विरोध करते हुए आक्रोशित छात्रों ने परिसर निदेशक प्रो. प्रवीण सिंह बिष्ट को ज्ञापन दिया। चेतावनी दी कि विरोध के बाद भी मैदान में मेला लगाने की अनुमति दी गई तो आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को निदेशक कार्यालय पहुंचे छात्रों ने कहा कि चार वर्ष पूर्व भी मेला आयोजित करने से मैदान में जगह-जगह गड्ढे हो गए थे। कहा कि मेले लगाने की अनुमति दी गई तो छात्र आंदोलन करेंगे। वहां भूपेंद्र सिंह कोरंगा, राजकमल जोशी, वीरेंद्र जोशी, दीपक लोहनी, नीरज जोशी आदि मौजूद रहे।

### सड़क पर दर्द से कराह रहे लावारिस को अस्पताल में भर्ती कराया



**हल्द्वानी।** गौलापार खेड़ा चौराहे में लावारिस हालत में पड़े व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया गया कि उसका पैर जख्मी है और उसमें कीड़े पड़ गये हैं। समाजसेवी हेमंत गोनिया, राकेश कर्नाटक व संदीप गंगोला ने सड़क पर पड़े 45 वर्षीय व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया है। वह दर्द से कराह रहा था। वहां से गुजरने वाले राहगीर उसे देख रहे थे लेकिन कोई भी उसकी मदद को आगे नहीं आया। समाजसेवियों ने उसे 108 एंबुलेंस सेवा से सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। समाजसेवी गोनिया ने बताया कि इस व्यक्ति के उपचार के लिए मेडिकल कालेज के प्राचार्य अरुण जोशी से संपर्क किया गया, इस पर डॉ.जोशी ने नि:शुल्क उपचार कराने का भरोसा दिलाया। इस व्यक्ति के परिजनों का अभी कुछ पता नहीं चल पाया है।

# सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

## गौलापार में युवक कार समेत नहर में गिरा

## ऊंचापुल में कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई गौलापार क्षेत्र में बीच सड़क पर आई गाय को बचाने के प्रयास में एक कार सवार वाहन समेत नहर में गिर गया, जबकि ऊंचापुल क्षेत्र में खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकले बुजुर्ग को कार ने टक्कर मारी दी।

कुंवरपुर गौलापार निवासी अभिषेक नेगी पुत्र सुरेंद्र नेगी अपनी कार से बीती रात घर की ओर लौट रहा था। जब वह घर के पास पुहंचा ही था कि बीच सड़क पर आई गाय को बचाने के प्रयास में वह कार समेत नहर में जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। उसे उपचार के लिए एसटीएच ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरूवार को डाक्टरों ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं ऊंचापुल निवासी महेंद्र सिंह रावत पुत्र दुर्गा सिंह बीती रात खाना खाने के बाद टहलनेक ` लिए निकले थे। इसी दौरान एक कार चालक ने उन्हें टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्हें आनन फानन में कृष्णा हॉस्पिटल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद दोनों शवों को परिजनों को सौंप दिया है।

### टैंपो चालक के खिलाफ तहीर दी

**हल्द्वानी।** दुर्घटना के आरोपी टैंपो चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भोपा मुजफ्फरनगर यूपी निवासी नासिर पुत्र मो. साबिर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनका पुत्र अमन पीपल पोखरा नंबर 1 थाना मुखानी निवासी दीपक भट्ट के यहां टाइल पत्थर लगाने का कार्य कर रहा था। बीती 20 जुलाई अमन मोटर साइकिल से फतेहपुर रोड पर जा रहा था। उसकी बाइक पर उसके साथ शादान उर्फ शादाब पुत्र मो. सुलेमान निवासी वार्ड नंबर 14 इन्द्रानगर, छोटी रोड हल्द्वानी भी बैठा था। जब वह लामाचौड पुलिस चौकी के पास पहुंचे तभी पीछे से आए थ्री व्हीलर संख्या यूके04टीए 5776 ने बाइक में जारदार टक्कर मार दी जिससे बाइक बिजली के खंभे से टकरा गई जिसमें अमन को गंभीर चोट आ गई। जिसके बाद अमन व शादाब को अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर डाक्टरों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। पीड़ित ने आरोपी टैंपो चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

14 सितम्बर द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। जानकारी देते हुये सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ऊधम सिंह नगर द्वारा जनपद में 14 सितम्बर को सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक रूद्रपुर सहित वाह्य स्थित दीवानी न्यायालयों काशीपुर, खटीमा, बाजपुर, जसपुर, सितारगंज एवं किच्छा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेन्द्र कुमार सागर ने बताया कि 14 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटीगेशन के वादों का निस्तारण किया जाएगा जैसे- भरण पोषण, धारा 138 एन0आई0एक्ट, धन वसूली, आपराधिक शमनीय व सिविल श्रम विवाद, विद्युत व जलकर बिल से सम्बन्धित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त न्यायालयों में लम्बित शमनीय प्रकृति के आपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम संबंधी वाद, विद्युत व जलकर बिल संबंधी वाद, वैवाहिक वाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वाद, भुगतान व भत्तों से संबंधित सर्विस के मामले, जिला न्यायालय में लम्बित राजस्व वाद एवं अन्य सिविल मामले (किरायेदारी, सुखाधिकार, व्यादेश) आदि मामलों का निस्तारण किया जाएगा।

यदि किसी व्यक्ति को अपने लम्बित मामले को सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित करवाना चाहते है तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर अपना मामला निस्तारित करवा सकते है। उन्होंने जनता से कहा 14 सितम्बर से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में संबंधित न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

# पुलिस ले लौटाई परिजनों के चेहरों पर मुस्कान, तीन माह से लापता किशोर बदायूं से सकुशल बरामद



**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

पुलिस ने चौकी रम्पुरा क्षेत्र से लापता किशोर सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। किशोर लगभग तीन माह पहले घर से नाराज़ हो कर चला गया था। किशोर के मिलने पर परिवार में खुशी दौड़ गई।

पुलिस के मुताबिक चौकी रम्पुरा क्षेत्र खेड़ा कालोनी निवासी वेदराम पाल का नाबालिग पुत्र लगभग तीन माह पहले लापता हो गया। इस मामले में वेद राम पाल ने कोतवाली रुद्रपुर को तहरीरी दी थी। पुलिस ने किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले। कोतवाल एमएस दसौनी ने बताया कि किशोर की तलाश में गठित पुलिस के अथक प्रयासों से किशोर उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं से सकुशल बरामद कर लिया। वह घर से नाराज होकर चला गया था। किशोर को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुत्र के मिलने पर मां बाप के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। आखों में खुशी के आसूं आ गये। बता दें कि लापता किशोर के मां बाप उसकी तलाश के लिए दर दर मटकते रहे। किशोर की बरामदगी में कोतवाल के अलावा

एसएसआई अशोक कुमार, चौकी प्रभारी रम्पुरा नवीन बुधानी,महेंद्र कुमार,विजयपाल आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### शराब पीकर ड्यूटी करना एक कांस्टेबल को महंगा

**नैनीताल।** नैनीताल के कोतवाली में शराब पीकर ड्यूटी करना एक कांस्टेबल को महंगा पड़ गया। एसएसपी ने कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि कोतवाली में तैनात कांस्टेबल राजीव शर्मा कुछ दिन पूर्व ड्यूटी के दौरान शराब पिये हुए पाया गया था। मेडिकल परीक्षण कराने पर उसके नशे में होने की पुष्टि हुई। संबंधित रिपोर्ट एसएसपी को भेजी गई थी लेकिन इसके बाद बिना सूचना कांस्टेबल ड्यूटी से नदारद हो गया। बताया कि एसएसपी ने शराब पीकर ड्यूटी करने पर कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है।

# क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक पर अतिरिक्त धनराशि की मांग का आरोप

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

> **निर्देश**
>
> - **डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएसओ को जांच कर शाम तक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए**

खटीमा में विगत दिनों आई बाढ़, जल भराव से प्रभावितों को पूर्ति विभाग द्वारा पका-पकाया भोजन एवं राशन किटो का वितरण किया। जिसके बिल भुगतान के लिए आपूर्तिकर्ता से क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक के द्वारा अतिरिक्त धनराशि की मांग की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला पूर्ति अधिकारी को प्रकरण की जांच कर सुस्पष्ट आख्या एवं प्रकरण में अपना एवं सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षण का स्पष्टिकरण प्राप्त करते हुए आज शाम तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि दि प्रकरण में कोई भी अनियमितता पायी जाती है तो सम्बन्धितों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाते हुए कार्रवाई के लिए शासन को प्रेषित किया जायेगा। बताते चले कि मानसून के दौरान विगत दिनों खटीमा में आई बाढ़, जल भराव के दौरान पीड़ित परिवारों को राहत शिविरों व घरों में पका-पकाया भोजन तथा राशन कीट वितरित किये गये। ठेकेदार द्वारा पका-पकाया भोजन व राशन किटों के बिल भुगतान हेतु जिला पूर्ति कार्यालय में बिल प्रस्तुत करने पर क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक द्वारा अतिरिक्त धनराशि की मांग सम्बन्धित शिकायती पत्र एसडीएम खटीमा को दिया गया। जिसे एसडीएम खटीमा ने डीएम से क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने तथा बिले के भुगतान किये जाने का अनुरोध किया। जिस पर डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को प्रकरण की जांच कर सुस्पष्ट आख्या एवं प्रकरण में अपना एवं सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षण का स्पष्टिकरण प्राप्त करते हुए आज शाम तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिये साथ ही एसडीएम खटीमा को प्रकरण में तत्याथमक अभिलेखों व स्पष्ट मंतव्य सहित तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

# जनकवि गिर्दा की याद में 14वां गिर्दा स्मृति समारोह का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

गिर्दा स्मृति मंच देवभूमि उत्तराखंड के जनकवि रहे गिरीश तिवारी गिर्दा की याद में 14वां गिर्दा स्मृति समारोह आयोजित कर रहा है। हर वर्ष की भांति ही अबकी बार गुरुवार (आज) को सायं 4 बजे क्रांति चौक तल्लीताल से जनगीत गाते हुए जुलूस मल्लीताल को प्रस्थान करेगा।

जुलूस के उपरान्त सीआरएसटी इंटर कॉलेज में समसामयिक विषयों पर सम्बोधन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में गिर्दा स्मृति मंच सहित युगमंच नैनीताल, ताल साधना



अकादमी नैनीताल और भारतीय शहीद सैनिक स्कूल नैनीताल की प्रमुख भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम में गिर्दा स्मृति मंच द्वारा नाटक प्राजा के सींग का नाट्य मंचन किया जाएगा। ताल साधना अकादमी द्वारा गिर्दा के जनगीतों की प्रस्तुति और युगमंच नैनीताल द्वारा आसां नहीं होता है गिर्दा होना का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम हेमलता तिवारी और गिर्दा स्मृति मंच के पंकज भट्ट, तुहीनांशु तिवाडी, भारती जोशी, दिनेश उपाध्याय, पवन कुमार, भूमिका बडोला और महेश जोशी के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन में राजेश आर्या समेत हरीश राणा बाबा, जावेद हुसैन, जसीराम आर्या, राजीव लोचन साह, पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक,दिनेश उपाध्याय, मंजूर हुसैन, अमन महाजन, नवीन बेगाना एवं माया चिलवाल ने विशेष सहयोग किया है।